तापमान
अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

12 निगम चुनावः गणना से पहले मतदान केंद्र पर हमला...

12 छात्रों को हरियाणवी लोकनृत्या की शेलियों का दिया प्रशिक्षण


## खबर संक्षेप

### पिंडारसी रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में मिला शव

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र-नरवाना रेलवे लाइन पर पिंडारसी रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में एक युवक का शव बरामद हुआ। युवक ने कथित तौर पर सुसाइड करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि युवक ट्रेन के आगे लेट गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी एक बाजू कट गई और सिर में भी गंभीर चोट लगी। जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद युवक कुछ देर तक जिंदा रहा। होश आने के बाद उसने उठकर चलने की कोशिश भी की, लेकिन कुछ कदम आगे चलने के बाद झाड़ियों में गिर पड़ा। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर राजकीय रेलवे पुलिस कुरुक्षेत्र की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान की कोशिश की गई। जांच अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच युवक के सुसाइड की ओर इशारा कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** शहर के गांधी नगर रेलवे फाटक के पास मंगलवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि युवक का सिर फट गया, जबकि उसकी बाजू और टांगें भी टूट गईं। शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। जांच करने के बाद शव की शिनाख्त नहीं हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया।

जांच अधिकारी एसआई बोधराज ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे स्टेशन मास्टर की ओर से सूचना मिली थी कि गांधी नगर फाटक के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है।

### युवक पर डंडों से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव टापू कमालपुर में कहासुनी होने पर तीन युवकों ने गांव के ही अजीत सिंह पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव टापू कमालपुर निवासी अजीत सिंह ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले गांव के ही सूरज व पृथ्वी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

### कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में मंगलवार को लंबित आपराधिक मामलों एंव वाहन चोरी के मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को लेकर सीआईए वन व एंटी व्हीकल थेप्ट के प्रभारी और कर्मचारियों की विशेष बैठक ली।

## करनाल के बाजारों से कॉलोनियों तक कूड़े के ढेर, लोग बोले- व्यवस्था पूरी तरह फेल

# जिसे मिला था स्वच्छता का राष्ट्रपति पुरस्कार, वहीं अब गंदगी का अंबार

**तेज गर्मी के बीच बदबू और गंदगी से लोग परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में पहचान बनाने वाला करनाल इन दिनों गंदगी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। कभी साफ-सुथरे शहरों की सूची में शामिल रहने वाला करनाल आज कूड़े के ढेर, बदबू और अव्यवस्था के कारण चर्चा में है। सफाई कर्मचारियों की लगातार जारी हड़ताल ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। शहर की सड़कों, बाजारों और रिहायशी इलाकों में कई दिनों से कचरा नहीं उठाया गया, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

दरअसल, करनाल नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 17 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में करनाल को यह सम्मान देश के सबसे स्वच्छ शहरों में बेहतर प्रदर्शन के लिए दिया गया था। सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, नागरिक भागीदारी और स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के आधार पर करनाल को यह उपलब्धि मिली थी। हरियाणा में करनाल पहला नगर निगम बना था जिसे इस श्रेणी में राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त हुआ।


**करनाल।** कर्ण मार्केट के पास सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर।

### राष्ट्रपति सम्मान पाने वाला पहला नगर निगम

करनाल नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत 17 जुलाई 2025 को राष्ट्रपति सम्मान मिला था। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया गया था। हरियाणा में करनाल पहला नगर निगम बना था जिसे यह उपलब्धि मिली। लेकिन अब वही शहर गंदगी और अव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है। सफाई कर्मचारी 1 मई से हड़ताल पर हैं और अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुरुआत में नगर निगम ने दूसरे कर्मचारियों के जरिए सफाई व्यवस्था संभालने की कोशिश की, लेकिन हड़ताली कर्मचारियों ने इसका विरोध किया। धीरे-धीरे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई और कूड़ा उठान बंद होने से हालात खराब होते चले गए। कर्ण मार्केट, कुंजपुरा रोड, बस स्टैंड क्षेत्र, मॉडल टाउन और कई कॉलोनियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

### बाजारों और कॉलोनियों में बढ़ी परेशानी

कर्ण मार्केट, कुंजपुरा रोड, बस स्टैंड क्षेत्र और कई कॉलोनियों में कई दिनों से कचरा नहीं उठाया गया। तेज गर्मी के बीच बदबू और गंदगी से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है। सोमवार को शहर में उस समय स्थिति और गर्मा गई जब जिला सचिवालय के पास कचरे से भरी ट्रॉली सड़क पर खाली करने का वीडियो सामने आया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इसी दिन महावीर दल अस्पताल के पास वैकल्पिक कर्मचारियों से कचरा उठाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन हड़ताली कर्मचारियों ने पहुंचकर काम बंद करवा दिया। प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारी स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद के आवास पर भी पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। बाद में कर्मचारी नगर निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए।


**कुरुक्षेत्र।** थानेसर नगर परिषद परिसर में धरने पर बैठे सफाई कर्मी।

### सफाई कर्मियों की हड़ताल से चरमराई व्यवस्था

**कुरुक्षेत्र।** राज्य नगर पालिका संघ के आह्वान पर कुरुक्षेत्र के सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर उतर आए हैं। मंगलवार को जहां शहर की साफ-सफाई का कार्य ठप रहा वही डोर टू डोर कचरा उठान में लगे कर्मियों ने भी कार्य ठप रखा। कर्मचारी एकत्रित होकर नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर परिषद के स्थाई कर्मचारियों के अलावा अस्थाई कर्मचारी व डोर टू डोर कचरा उठाने में लगे कर्मचारी भी इसमें शामिल रहे। हड़ताल के चलते पहले ही दिन शहर में अनेक जगहों पर कचरा के ढेर दिखाई दिए। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से डगमगा गई है। कर्मचारियों की हड़ताल से अधिकारियों की चिंता भी बढ़ गई है। नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील ने बताया कि मांगों को लेकर सभी सफाई कर्मी हड़ताल पर हैं। उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक कर्मचारियों की सभी मांगे पूरी नहीं हो जाती।

### एक मई से हड़ताल पर सफाई कर्मचारी

सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 1 मई से लगातार हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि कई बार प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों का कहना है कि दो महीने से वेतन भी लंबित है, जिससे आर्थिक परेशानी बढ़ गई है।

### सचिवालय के पास सड़क पर पलटी कचरे की ट्रॉली

सोमवार को जिला सचिवालय के पास कचरे से भरी ट्रॉली सड़क पर खाली किए जाने का वीडियो सामने आया। घटना के बाद सड़क पर गंदगी फैल गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हुआ। अब शहर के लोग भी सवाल उठा रहे हैं कि जिस करनाल को स्वच्छता के लिए राष्ट्रपति सम्मान मिला था, वह इतनी जल्दी बदहाल स्थिति में कैसे पहुंच गया। लोगों का कहना है कि स्वच्छता केवल सर्वेक्षण और पुरस्कार तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो किसी भी संकट के समय शहर को संभाल सके।

## साउथ कोरिया भेजने के नाम पर हड़पे 11 लाख 90 हजार रुपये

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी आयुष को साउथ कोरिया भेजने के नाम पर 11 लाख 90 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप विजेंद्र कंबोज, विजय कंबोज व विनय कंबोज पर लगा है। पुलिस ने युवक की मां की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी बबली ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का आयुष पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान गत फरवरी माह में उनकी मुलाकात विजेंद्र कंबोज, विजय कंबोज व विनय कंबोज के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसके लड़के आयुष को भी साउथ कोरिया भेज देंगे। जहां उसे नौकरी मिल जाएगी। वह आरोपियों की बातों में आ गई। आरोपियों ने गत फरवरी से अप्रैल के बीच उससे अलग-अलग करके 11 लाख 90 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के आयुष को साउथ कोरिया नहीं भेजा। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे साढ़े 13 लाख

गांव नाचरौन निवासी विकास कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात पंजाब के भोगपुर निवासी कमलनाथ उर्फ रुद्रनाथ के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह काफी लोगों को विदेश भेज चुका है। वह रोजगार के लिए उसे भी विदेश भेज देगा। विकास ने बताया कि आरोपी ने विदेश भेजने के नाम पर उससे अलग-अलग करके 13 लाख 55 हजार रुपये ले लिए मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से बात की तो वह टाल मटोल करने लगा। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### खाद्य आपूर्ति की बायोमेट्रिक मशीन में दिक्कत आने से राशन की दुकानों पर नहीं मिल रहा

**करनाल।** बायोमेट्रिक मशीन में तकनीकी दिक्कत आने से राशन की दुकानों पर उपभोक्ता चक्कर लगा रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है इस माह का अभी तक उपभोक्ताओं ने तेल व चीनी नहीं मिल पाई है। मई माह से बायोमेट्रिक मशीन में तकनीकी दिक्कत आ रही है। जिससे राशन की दुकानों पर उपभोक्ताओं को खाद्य सामग्री नहीं मिल रही। उपभोक्ताओं का कहना है कि बार बार बायोमेट्रिक मशीन में तकनीकी दिक्कत आ जाती है। जिससे उन्होंने राशन लेने में दिक्कत आती। उन्होंने बताया मई माह का गेहूं तो मिल गया है, लेकिन अभी तक तेल व चीनी नहीं मिल पा रही। डिपो होल्डरों की दुकानों पर बार बार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि केवल एक ही जबाव सामने आ रहा है कि बायोमेट्रिक मशीन में तकनीकी दिक्कत आ रही है। खाद्य आपूर्ति के इंस्पेक्टर राहुल ने बताया कि मई माह तक का गेहूं वितरित उपभोक्ताओं को कर दिया है, लेकिन बायोमेट्रिक मशीन में तकनीकी दिक्कत आने से तेल व चीनी अभी तक वितरित नहीं ही पाई है।

## बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या करने वाले को उम्रकैद

- यमुनानगर में भी किशोरी से रेप का आरोपी है दोषी, तांत्रिक क्रिया कर बच्ची से रेप कर हत्या की थी, कोर्ट ने दोषी पर 1.35 लाख का जुर्माना भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एडिशनल सेशन जज फास्ट ट्रेक कोर्ट (पोक्सो) पीयूष शर्मा की अदालत में सात साल की बच्ची का अपहरण कर, उसके साथ तांत्रिक क्रिया व दुष्कर्म करने के बाद उसकी गला दबा कर हत्या करने के आरोपी शिवकुमार उर्फ योगेश पुत्र ओमपाल मूल निवासी गुलाब नगर, यमुनानगर हाल निवासी कुलदीप नगर, पानीपत को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा दी है। वहीं, जज पीयूष शर्मा की कोर्ट ने दोषी शिवकुमार पर 1.35 लाख रुपए का जुर्माना भी किया है।

### यह है मामला

पानीपत के थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के तहत आने वाले कुलदीप नगर, काबडी रोड में निवास कर रहे उत्तर प्रदेश के एक परिवार की सात साल की बेटी 24 अक्टूबर सन 2022 को लापता हो गई। वहीं, 25 अक्टूबर को लडकी का शव उसके घर के पीछे खाली प्लाट से बरामद हुआ। दूसरी ओर, पुलिस ने आरोपी शिव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला कि शिव कुमार, यमुनानगर में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी है और घर से निकाले जाने के बाद पानीपत में रह रहा था। शिव कुमार तांत्रिक क्रिया करता था। शिवकुमार ने दीवाली पर्व पर तांत्रिक क्रिया के लिए बच्ची का अपहरण किया और उसे अपने कमरे में ले गया था। शिवकुमार ने बच्ची पर तांत्रिक क्रिया की और उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी थी। वहीं, आरोपी ने बच्ची का शव अपने घर के पीछे खाली प्लाट में फैंक दिया था।

### हादसे में बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

**अंबाला।** नारायणगढ़ रोड पर मधु महल पैलेस के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे राम निवास (52) की मौत हो गई। गनीमत यह रही कि बाइक चला रहा उनका बेटा जसविंद्र बच गया। पंजोखरा थाना पुलिस ने मृतक के बेटे जसविंद्र की शिकायत कार चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हंडेसरा निवासी जसविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अंबाला शहर के जग्गी गार्डन स्थित होमटेक कंपनी में नौकरी करता है। शाम करीब 5:15 बजे वह अपने पिता राम निवास (52) के साथ पंजोखरा साहिब बस अड्डे के पास स्थित एक नर्सरी से पौधे लेकर अपनी बाइक पर घर लौट रहे थे। नारायणगढ़ रोड पर मधु महल पैलेस के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी।

## कामाक्षी ने 12वीं कॉमर्स में 493 अंक लेकर राज्य भर में पाया द्वितीय स्थान

- न्यू हैप्पी स्कूल में छाया खुशियों का माहौल
- बच्चों को मिठाई खिलाकर अध्यापकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल यमुनानगर की 12वीं कक्षा की वाणिज्य संकाय की छात्र कामाक्षी ने 493 अंक लेकर राज्य भर में दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। कामाक्षी का सपना है कि वह इनकम टैक्स आफिसर बनकर देश की सेवा करे। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कामाक्षी की इस उपलब्धि पर उसे तथा उसके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य भर में दूसरा स्थान हासिल करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए बच्चों के साथ-साथ अध्यापक भी बराबर के बधाई के पात्र हैं।स्कूल की प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बताया कि 12वीं कक्षा में कुल 90 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिनमें से वाणिज्य संकाय की कामाक्षी ने सर्वाधिक 493 अंक लेकर राज्य भर में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी मेहनत की झलक प्रस्तुत की है। उन्होंने सभी मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाई तथा अध्यापकों को भी इसके लिए बधाई दी। साथ ही भविष्य में भी इसी तरह उन्नति के पथ पर अग्रसर होने की कामना की।

### इनकम टैक्स आफिसर बनना चाहती है कामाक्षी

राज्य भर में वाणिज्य संकाय में दूसरा स्थान हासिल करने वाली न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्र कामाक्षी इनकम टैक्स आफिसर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। अपनी मेहनत के बारे में उसने बताया कि इस उपलब्धि को हासिल करना आसान नहीं था। इसके लिए उसके अध्यापकों व परिजनों ने बहुत साथ दिया है। जिसकी बदौलत वह इस मुकाम तक पहुंच सकी है। वह दिन में 10 से 12 घंटे तक रोजाना पढ़ाई करती थी। कक्षा में चुपचाप रहने वाली कामाक्षी का सीधा लक्ष्य था कि उसको टॉप करना है जो कि उसने करके दिखा दिया।

### बुजुर्ग की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी समेत चार काबू, दो रिमांड पर

**अंबाला।** मामूली विवाद को लेकर ईंट मारकर बुजुर्ग की हत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों में मुख्य आरोपी भीम भी शामिल है। पुलिस ने दो आरोपियों को रिमांड पर लिया है। जबकि दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भीम, अर्जुन निवासी धूलकोट माजरी, अमन कुमार वासी सेक्टर 7 और दिल्ली के अंकित कुमार के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार 10 मई को आरोपी भीम अपने भाई अर्जुन और दोस्तों के साथ अपनी पत्नी की बुआ की शादी में शामिल होने कलाल माजरी आया था। यहां किसी बात को लेकर हुए हुए झगड़े में आरोपियों ने यहां के रहने वाले रामनाथ पर ईंट से जानलेवा हमला कर दिया।

## महाराणा प्रताप चौक होगा सदर बाजार चौक का नाम, निकल्सन रोड का नाम भी बदला

**मंत्री विज ने नामकरण को लेकर नगर परिषद अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जनता को बड़ी सौगात देते हुए सदर बाजार चौक का नाम महाराणा प्रताप चौक करने और महाराणा प्रताप की प्रतिमा जिस निकलसन रोड पर स्थापित है उस सडक़ का नाम महाराणा प्रताप सडक़ करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इस संबंध में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को इस संबंध में पत्र जारी करते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र-अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री अनिल विज ने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि वीर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना के लिए प्रदान किए थे। गत 9 मई को


**अंबाला।** सदर बाजार चौक पर स्थापित महाराणा प्रताप की मूर्ति ।

महाराणा प्रताप की जयंती के दिन सदर बाजार चौक पर महाराणा प्रताप की साढ़े 12 फुट ऊंची और 16 क्विंटल वजनी मूर्ति का अनावरण ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा किया गया था। इस दौरान विशाल संख्या में समाज के लोगों के अलावा शहर के लोगों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की थी।

अब मंत्री ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को इस चौक का नाम महाराणा प्रताप चौक करने तथा निकलसन रोड का नाम महाराणा प्रताप सडक़ करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि वीर महाराणा प्रताप की यह मूर्ति पंच धातु से निर्मित है। जयपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकार महावीर भारती द्वारा इसे बनाया गया है। मूर्ति में वह अपने चेतक घोड़े पर सवार है व उनके एक हाथ में भाला है जोकि उनके वीर रस को प्रदर्शित करती है।

## कुलपति ने देश और दुनिया में आयुर्वेद की महत्ता को बताया

# आयुर्वेद के प्रति बढ़ते विश्वास के साथ बढ़ी जिम्मेदारियां

- श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयुष के नवीन आयाम विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आज देश और दुनिया में आयुर्वेद की महत्ता को समझा है, जिसके कारण इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के प्रति बढ़ते विश्वास के साथ हमारी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। वे मंगलवार को श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयुष विश्वविद्यालय एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयुष के नवीन आयाम विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले कुलपति प्रो. धीमान, मुख्यवक्ता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. अशोक वार्ष्णेय, उत्तर क्षेत्र आरोग्य भारती संयोजक संजीवन, प्रांत अध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता व कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतबीर चावला ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



**कुरुक्षेत्र।** समारोह में संबोधित करते अतिथिगण।

### आयुष क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं पर दिया जोर

इस अवसर पर कुलपति प्रो.धीमान ने कहा कि आयुर्वेद की शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने और परिवार का पालन-पोषण करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों को आयुर्वेद को अपने जीवन में उतारना होगा और इसके सिद्धांतों को व्यवहार में अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। यदि आयुवेर्दाचार्य स्वयं स्वस्थ और अनुशासित जीवन शैली अपनाएंगे, तभी वे समाज को बेहतर स्वास्थ्य का संदेश दे सकेंगे। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, आयुर्वेद अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला समेत संस्थान के सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्यवक्ता डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि आयुष क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और देशभर में आयुष चिकित्सा पद्धति तेजी से विकसित हो रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक अलग-अलग आयुष विंग स्थापित किए जा रहे हैं। यही नहीं, केंद्र सरकार देशभर में आयुर्वेदिक एम्स स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। उत्तर क्षेत्र आरोग्य भारती संयोजक संजीवन ने कहा कि अस्पतालों में बढ़ती रोगियों की संख्या समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि केवल अच्छे अस्पताल और दवाइयों के माध्यम से समाज को पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं बनाया जा सकता,बल्कि इसके लिए संतुलित जीवन शैली अपनाना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### अलमारी से 60 हजार रुपये व जेवर चोरी

यमुनानगर। दशमेश कॉलोनी में एक घर से 60 हजार रुपये तथा सोने व चांदी के जेवर चोरी हो गए। आरोप रुपेश कुमार पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दशमेश कालोनी निवासी लक्ष्मी ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने अलमारी में 60 हजार रुपये और सोने चांदी के जेवर रखे हुए थे। सोमवार को अलमारी खोला तो रुपये नहीं मिले। साथ ही सोने व चांदी के जेवर भी नहीं थे। जांच करने पर पता चला कि रकम और जेवर रुपेश कुमार ने चोरी किए हैं। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### स्कूल से हजारों रुपये का सामान चोरी

यमुनानगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलेसर के प्राचार्य प्रदीप कुमार प्रताप थाने में दी शिकायत में बताया कि चोरों ने 10 मई की रात को स्कूल से सोलर पैनल की आठ बैटरी, इनवर्टर बैटरी, एलईडी, कैमरे की डीवीआर व अन्य सामान चुरा लिए। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 40 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### रात्रि ठहराव : ग्रामीणों से होगा सीधा संवाद

यमुनानगर। जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा सरकार के आदेशानुसार 21 मई को दोपहर 2 बजे राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव ताहरपुर कलां में जनता दरबार तथा शाम साढ़े चार बजे आम जनता की शिकायतों की सुनवाई व निवारण के लिए रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। रात्रि ठहराव में उपायुक्त प्रीति लोगों की समस्याएं सुनेंगी। उक्त जानकारी मंगलवार को नगराधीश पीयूष गुप्ता ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि रात्रि ठहराव के दौरान उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंPग से की जा रही है। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरन्तर किए जा रहे हैं।

### छह साल से अटकी स्टार्म वाटर ड्रेन परियोजना को रेलवे ने दी हरी झंडी

# शहर की आठ कॉलोनियों के बहुरेंगे दिन, जलभराव से मिलेगी मुक्ति

**11.84 करोड़ रुपये है परियोजना की लागत चांदपुर आरओबी के नीचे रेलवे लाइन की वजह से रुका था काम**



यमुनानगर। अधिकारियों के साथ स्टॉर्म वाटर लाइन का निरीक्षण करतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छह वर्ष से अटकी पड़ी शहर की सबसे बड़ी स्टार्म वाटर ड्रेन डालने की परियोजना के अब पूरा होने की उम्मीद बन गई है। रेलवे विभाग द्वारा जल्द ही इस योजना के पूरा करने के लिए काम शुरु किया जाएगा। करीब 11.84 करोड़ रुपये से डाली जा रही स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम चांदपुर आरओबी के नीचे गुलाब नगर के पास रेलवे लाइन की वजह से रुका हुआ था। लेकिन अब इसका कार्य पहले से गति पकड़ेगा।

उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को चांदपुर आरओबी के नीचे डाले जा रहे निर्माणाधीन स्टॉर्म वाटर लाइन के कार्य का निरीक्षण करते हुए दी। नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि रेलवे द्वारा जल्द ही यह काम शुरू किया जाएगा। अब स्टॉर्म वाटर लाइन में जोगिंदर नगर की तरफ से आ रहे नाले को भी टैब किया जाना है। इसी के चलते कार्य में देरी हो रही थी।

यह परियोजना पूरी होने पर जगाधरी से आ रहे बड़े नाले का गंदा पानी कन्हैया साहिब चौक से डायवर्ट कर स्टॉर्म वाटर लाइन में डाला जाएगा। इससे शहर की प्रोफेसर कॉलोनी, मॉडल टाउन, शक्तिनगर, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर, हरि नगर, विजय कॉलोनी व जसवंत कॉलोनी में बड़े नाले के ओवरफ्लो होकर जलभराव करने की दिक्कत खत्म होगी।

**ड्रेन का 95 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा**

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि बरसाती पानी की निकासी के लिए शहर के कन्हैया साहिब चौक से जम्मू कॉलोनी में डिच ड्रेन तक स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का काम अमृत (अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) स्कीम योजना के तहत नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। वर्ष 2019 में इसका शिलान्यास किया गया था। स्टॉर्म वाटर लाइन से जगाधरी से आ रहे बड़े नाले का पानी यमुनानगर की कॉलोनियों के बजाय आउटर में पुराने एनएच 73 पर डायवर्ट कर जम्मू कॉलोनी डिच ड्रेन तक ले जाना है। इस 4500 मीटर लंबी ड्रेन का काम 95 प्रतिशत काम पूरा हो गया था। करीब 11.84 करोड़ रुपये की लागत से डाली जा रही ड्रेन का नगर निगम द्वारा पूरा कर लिया गया है। अब केवल चांदपुर आरओबी के नीचे गुलाब नगर के पास रेलवे लाइन के नीचे पाइप डाले जाने बाकी हैं। जो काम रेलवे का है। इसके लिए नगर निगम द्वारा रेलवे को अढ़ाई करोड़ रुपये भी जमा कर दी गई है। रेलवे द्वारा इसका टेंडर लगाया हुआ है। रेलवे द्वारा जल्द इसका काम शुरू किया जाएगा।



## बीबीए : ईशिका ने विवि स्तर पर हासिल किया प्रथम स्थान

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के प्रबंधन विभाग के बीबीए विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। बीबीए अंतिम वर्ष की विद्यार्थी ईशिका ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि इशिका ने जहां प्रथम स्थान हासिल किया वहीं अलावा अंजलि, नूपुर, पलक, पारुल, प्राची, प्रेरणा गुप्ता, राधिका, रोहन वर्मा एवं साहज गाबा ने विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों अनुष्का, निर्मित एवं तुषिका ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अक्षित कांबोज एवं रिया ने विश्वविद्यालय में षष्ठम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। डॉ.गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह उत्कृष्ट परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ.अनुजा गोयल एवं बीबीए इंचार्ज राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।




## उपायुक्त प्रीति ने 60 नव नियुक्त पटवारियों को दिए नियुक्ति पत्र

यमुनानगर। उपायुक्त प्रीति ने मंगलवार को जिला सचिवालय में 60 नव नियुक्त पटवारियों को नियुक्ति पत्र देकर बधाई दी। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 88 पटवार सर्कल हैं जिन पर 30 पटवार सर्कल में पटवारी पहले से नियुक्त थे। उन्होंने बताया कि अब 60 पटवारियों की नियुक्ति होने के बाद सभी पटवार सर्कल में पटवारी मौजूद रहेंगे जिससे आम जनता को राजस्व विभाग संबंधित कार्य के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इन सभी पटवारियों की नियुक्ति एक साल की ट्रेनिंग करने के उपरांत की गई है। उपायुक्त ने नवनियुक्त पटवारियों को निर्देश दिए कि किसी भी सर्कल से शिकायत नहीं आनी चाहिए। आप लोगों को ट्रेनिंग के दौरान राजस्व संबंधी सभी कार्यों की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि मानसून का मौसम आ रहा है इसके लिए अपने-अपने पटवार सर्कल में सरपंचों व नंबरदारों से मिलकर मानसून के मौसम के समय आने वाली समस्याओं की जानकारी लें तथा सबके नंबर अपने पास रखें।



## राष्ट्र प्रथम की भावना को बनाएं अपने जीवन का मूल मंत्रः सिंह

रादौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रादौर शाखा द्वारा कस्बा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में 70 स्वयंसेवको ने खेल, योग व आसन के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में जिला शारीरिक शिक्षण सह प्रमुख अभिमन्यू सिंह ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में समाजसेवी विरेंद्र गर्ग, अंबाला विभाग कार्यकारिणी सदस्य मानसिंह आर्य मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड संघ चालक प्रदीप चौधरी व खंड कार्यवाह विरेंद्र सैनी ने की। मंच संचालन सह जिला संघ चालक हरेंद्र मोहन ने किया। मुख्य वक्ता एवं जिला शारीरिक शिक्षण सह प्रमुख अभिमन्यू सिंह ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं है। बल्कि संगठन, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की जीवंत अभिव्यक्ति है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश व समाजहित में कार्य करते हुए अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने जिस उद्देश्य के साथ संघ की स्थापना की थी। संघ न केवल राष्ट्रहित की सोच रखता है। बल्कि वसुदैव कुटुंबकंभ की विचारधारा पर चलते हुए परिवारों को जोडने का कार्य करते हुए सेवा, समरसता और राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्री स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित शाखा में खेल, व्यायाम, गीत, बौद्धिक चर्चा और अनुशासन के माध्यम से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। आज देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो अपने संस्कारों, संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों को समझे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करें। समाज के प्रत्येक क्षेत्र से लोग इस अभियान में जुड़कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते कार्य कर रहे है।

# चुनौतियों से निपटने के लिए करें धान की सीधी बिजाई : डॉ. रावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र दामला की ओर से मंगलवार को जिले के विभिन्न गांवों में धान की सीधी बिजाई तकनीक को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रादौर में कृषि विज्ञान केंद्र दामला के मुख्य समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने कहा कि वर्तमान समय में घटता भूजल स्तर, बढ़ती मजदूरी लागत, श्रमिकों की कमी तथा जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों को देखते हुए धान की सीधी बिजाई समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुकी है। डीएसआर तकनीक न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है बल्कि आने वाली पीढ़यों के लिए जल एवं पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक धान रोपाई प्रणाली में खेतों में लगातार पानी भरकर रखा जाता है जिससे भारी मात्रा में भूजल का दोहन होता है। लगातार कद्दू किए गए खेत वर्षा जल को पर्याप्त मात्रा में अवशोषित नहीं कर पाते जिसके कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। यदि समय रहते किसान डीएसआर तकनीक को नहीं अपनाते तो भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है। इसके विपरीत धान की सीधी बिजाई में खेतों में निरंतर जलभराव की आवश्यकता नहीं होती जिससे पानी की बचत होती है तथा भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभकारी एवं पर्यावरण अनुकूल बनाएं। डॉ.अराधना बाली ने बताया कि डीएसआर तकनीक की सफलता मुख्य रूप से समय पर खरपतवार नियंत्रण पर निर्भर करती है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि बिजाई के तुरंत बाद उचित खरपतवारनाशी का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है।



## वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर हो महिलाओं से जुड़े मामलों की जांच

यमुनानगर। जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिलास्तरीय मानिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के तहत जो भी मामले आते हैं उनको गंभीरता से लेकर समय पर पुलिस चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि पीड़िता को नियमानुसार समय पर न्याय मिले। उपायुक्त प्रीति ने बैठक में महिलाओं के विरुध होने वाले अपराधों के मामलों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं के विरुध होने वाले अपराधों वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर जांच कर उन्हें गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर केसों की जांच की जाए और तथ्यों को मजबूती के साथ पेश करें ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सकें। मौके पर जिला न्यायवादी धर्मचंद ने बताया कि बैठक में उपायुक्त ने कमेटी में चिन्हित अपराध, पोक्सो एक्ट, हत्या, बलात्कार, महिलाओं से छेड़छाड़ के गंभीर मामले और महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोक्सो एक्ट के केसों पर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल आदि मौजूद रहे।

### रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से बच्चों का किया ज्ञानवर्धन

रादौर। एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस रचनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की सभी कक्षाओं में विज्ञान आधारित गतिविधियों एवं प्रयोगों का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षिकाओं ने बच्चों को रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान व तकनीक की नई जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को यह समझाया गया कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को सरल, मनोरंजक एवं व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया जिससे बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, उत्साह, सीखने की रुचि और अधिक बढ़ी। विद्यालय में प्रस्तुत किए गए प्रमुख प्रयोगों में रंग परिवर्तन प्रयोग, चुंबक से आकर्षित होने वाली वस्तुएँ, गुब्बारों से जुड़े रोचक प्रयोग, तैरना, डूबना, तेल एवं रंगों का जादुई प्रयोग, मोमबत्ती, गिलास प्रयोग व न्यूट्रलाइजेशन रिएक्शन जैसे आकर्षक विज्ञान प्रयोग शामिल रहे। सभी शिक्षिकाओं ने अपने प्रयोगों को अत्यंत रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जिसे विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ देखा और समझा।



# महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान दें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। लोगों को संबोधित करते इंदरी के विधायक रामकुमार कश्यप।

महर्षि कश्यप की जयंती पर 24 मई को कैथल में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। उक्त जानकारी इंदरी के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यम ने यमुनानगर में जनसंपर्क के दौरान कश्यप समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने मौके पर लोगों को महर्षि कश्यप जंयती के राज्यस्तरीय समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि राज्य स्तरीय कश्यप जयंती समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेगें। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने सभी धार्मिक गुरुओं की राज्य स्तरीय जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया है। जो अपने आप में ऐतिहासिक निर्णय है। हमें चाहिए कि किसी भी स्थान पर किसी महापुरुष की जयंती समारोह आयोजित हो वहां पर अवश्य जाना चाहिए। ऐसे समारोह में जाने से हमें अपने पूर्व इतिहास के बारे जानकारी मिलती है और हम अपनी पुरानी संस्कृति से रूबरू होते हैं। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी महापुरुषों के जयंती समारोह मनाने से युवाओं और हमारी आने वाली पीढ़यों को इन महापुरुषों द्वारा दिए गए उपदेश एवं उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ने की जानकारियां मिलेंगी। हमारी युवा पीढ़ी का रुझान अपने धर्म समाज व देश की उन्नति की ओर बढ़ेगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज व देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

### भाषण प्रतियोगिता : प्रदीप कुमार प्रथम, सागर को दूसरा स्थान

राद्दौर। राजकीय आईटीआई नाचरौन में मेरा युवा भारत यमुनानगर के तत्वावधान में तकनीकी शिक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग, लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आईटीआई के प्रधानाचार्य ने किया। आईटीआई की स्टाफ सदस्य रिंकी रानी ने बताया कि संस्थान के छात्र प्रदीप कुमार ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्र सागर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।





## चमकौर मिस्टर फेयरवेल, ईशा को मिस फेयरवेल का खिताब

यमुनानगर। वाणिज्य विभाग ने गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में एम.कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एम.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स एम.कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उपहार भेंटकर उनका सम्मान किया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान एम. कॉम अंतिम वर्ष विद्यार्थियों को टाइटल देकर सम्मानित किया। कालेज की वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. जसविंद्र कौर ने बताया कि विदाई समारोह में एम.कॉम अंतिम वर्ष के छात्र चमकौर सिंह को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। वहीं, छात्रा ईशा को मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। जबकि ऋषभ को मिस्टर ईव व गुरप्रिया को मिस ईव के खिताब से सम्मानित किया गया। वहीं, भारत को मिस्टर एडोरेबलके रूप में सम्मानित किया गया और आरती को मिस एडोरेबल का खिताब मिला। विभागाध्यक्ष डॉ. जसविंद्र कौर ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी। एम.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक समेत विभिन्न गतिविधियों में प्रस्तुतियां देकर भावुक कर दिया। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने तथा भविष्य के प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी बने रहने के लिए प्रेरित किया। सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. अशोक खुराना ने विद्यार्थियों के साथ ज्ञानवर्धक विचार साझा किए। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने एम.कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को आर्शीवाद दिया। आहवान किया कि वह जहां भी जाएं अपने अभिभावकों, संस्थान और देश व समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए वाणिज्य विभाग को बधाई दी। उन्होंने विदाई समारोह को यादगार और सार्थक बनाने में किए गए सामूहिक प्रयासों के लिए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों की सराहना की।

### 12 दिनों से जारी है हड़ताल, नगर पालिका कार्यालय के समक्ष हो रहा धरना-प्रदर्शन

# मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा सफाई कर्मचारियों का संघर्ष

**सफाई कर्मियों की न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये करने की कर रहे मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। निगम कार्यालय में हड़ताल के दौरान धरना दे रहे सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर चल रही नगर निगम के सफाई कर्मचारियों हड़ताल मंगलवार को बारहवें दिन भी जारी रही। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने निगम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेताया कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गईं तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

मंगलवार को रोज की तरह नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई के प्रधान पपला व उप प्रधान सन्नी के नेतृत्व में निगम के सैकड़ों सफाई कर्मचारी निगम कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन करने लगे। मौके पर इकाई प्रधान पपला, उप प्रधान सन्नी व सचिव सुभाष ने कहा कि वह अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। मगर उनकी मांगे अभी भी पूरी नहीं की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले बारह दिन से वह हड़ताल पर हैं। मगर इस दौरान सरकार के किसी भी प्रतिनिधि व अधिकारी ने आकर उनकी बात नहीं सुनी। जिससे सफाई कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने सरकार से 31 दिसंबर 2025 के कोर्ट के आदेश अनुसार सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने, ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किए जाने, ठेके पर लगे कर्मचारियों को पेरोल पर किए जाने, सफाई कर्मचारियों का न्यूनतम वेत 30 हजार रुपये किए जाने व सभी कच्चे कर्मचारियों को सेवानिवृति होने पर पांच लाख रुपये दिए जाने आदि समेत अन्य मांगे जल्द पूरी करने की मांग की।

इकाई प्रधान पपला ने कहा कि यदि उनकी मांगे जल्द नहीं पूरी की गई तो सफाई कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी। मौके पर उप प्रधान जनक राज, उप प्रधान रमन वैद्य, सहसचिव संजीत तिगरा, कार्यालय सचिव सोरन, श्यामलाल, संजय गहलोत, कन्हैया, संजय डूलगच व सुरेश शादीपुर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### जन कल्याण मंच ने बांटे कसोरे

**थानेसर।** शांति नगर की टेका मार्किट में जन कल्याण मंच समाजसेवी संस्था ने संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा एवं विशेष आमंत्रित सदस्य महेंद्र शर्मा की देखरेख में भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के पानी हेतु कसोरे बांटे। मार्केट में उपस्थित दुकानदारों ने जन कल्याण मंच द्वारा कसोरे बांटने के कार्य की भरपूर प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि वास्तव में अन्य समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जन कल्याण मंच संस्था से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि समाज सेवा के कार्यों को बढ़ावा मिल सके।

### वेद पाठशाला को भेंट किया आरओ और वाटर कूलर

**कुरुक्षेत्र।** धार्मिक सेवा और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए श्री शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित वेद पाठशाला को आरओ सहित वाटर कूलर समर्पित किया गया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर मंडल प्रधान मनोहर लाल खुंगर के उत्तम स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना की। कार्यक्रम में मंडल के संरक्षक दर्शन पुरी, अध्यक्ष डॉ. एम.के. मौदगिल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्विनी अरोड़ा, सचिव संदीप मरवाहा, राज कुमार, ओम प्रकाश, अमित गर्ग, सुमित मित्तल, जोगेंद्र मान तथा राजेंद्र गर्ग सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सिरसमा में किया 60 मरीजों का चेकअप

**कुरुक्षेत्र।** । राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी मथाना द्वारा गांव सिरसमा में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. मीनाक्षी ने 60 मरीजों का चेकअप किया व निशुल्क दवाईयां दी गईं। डा. मीनाक्षी ने मरीजों को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया। डा. मीनाक्षी ने कहा कि ग्रामीणों को उनके घर के द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी मथाना द्वारा गांव सिरसमा में विशेष आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

### फ्लैग फाउंडेशन ने 54 फुट ऊंचा तिरंगा किया भेंट

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में विशाल तिरंगे लगाए जा रहे हैं, जिससे राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा टेक्नोलॉजी एजुकेशन रिसर्च इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट में 54 फुट ऊंचा तिरंगा फहराने के लिए, फ्लैग पोल व राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित अन्य सामग्री भेंट की गई।

### केयू यूआईईटी में तकनीकी प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# नई तकनीक को समाज से जोड़ें विद्यार्थी: उपायुक्त

**विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रति किया प्रेरित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) द्वारा आयोजित आह्वान-2026 कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कुरुक्षेत्र के जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व तथा आधुनिक तकनीकी विकास के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स, हरित ऊर्जा तथा डिजिटल परिवर्तन जैसी उभरती तकनीकों की वर्तमान समय में बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी कौशल विकास की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नई तकनीकों को समाज और स्थानीय समस्याओं के समाधान से जोड़ें तथा तकनीकी ज्ञान का उपयोग समाज को मजबूत बनाने में करें। उपायुक्त ने इंजीनियरिंग के बाद सिविल सेवा में आने के इच्छुक विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। स ाथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सकारात्मक और प्रेरणादायक कंटेंट को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहना चाहिए। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यूआईईटी के इनक्यूबेशन सेंटर का निरीक्षण भी किया और कहा कि युवाओं को उद्यमिता से जोड़कर नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** विजेताओं को सम्मानित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

#### ब्लाइंड कोडिंग में विवेक प्रथम और सुमन द्वितीय

विभिन्न प्रतियोगिताओं में इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग के सेंसर एक्स में शिव प्रथम और निकेत द्वितीय रहे। सर्किट मेकर्स में मयंक प्रथम और आदित्य द्वितीय स्थान पर रहे। लोडिंग स्कैन में रिदम प्रथम तथा दीपन द्वितीय रहे। कंप्यूटर इंजीनियरिंग की पिक्सल क्राफ्ट प्रतियोगिता में लव प्रथम और अशांक्ष द्वितीय रहे। एआई आर्ट गैलरी में मनीष प्रथम तथा वंशी द्वितीय रहे। ब्लाइंड कोडिंग में विवेक प्रथम और सुमन द्वितीय स्थान पर रहे। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की आईओटी एनिग्मा प्रतियोगिता में प्रिय और सिमरन प्रथम रहे जबकि ओझल और राघव द्वितीय स्थान पर रहे। सोल्डरिंग प्रतियोगिता में लक्ष्य और शिवास प्रथम तथा वैगला टीम द्वितीय स्थान पर रही। मैकेनिकल इंजीनियरिंग की कैड डिजाइनर प्रतियोगिता में अमित प्रथम और प्रदीप्ता द्वितीय रहे। सर्किट हंट में शिवास और उनकी टीम प्रथम जबकि गरिमा और उनकी टीम द्वितीय रही। बायोटेक क्विज प्रतियोगिता में बायो बूमब टीम प्रथम तथा ऐलफा टीम द्वितीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में तनिष्का प्रथम और मनस्वी द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में आह्वान-2026 की संयोजिका डॉ. प्रियंका जागंड़ा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. राजेश अग्निहोत्री, दीप्ति चौधरी, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ. नरेश, डॉ. दिव्या शिवानी, अभिषेक तथा हरिकेश पपोसा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं युवा

संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि प्रौद्योगिकी देश के विकास की आधारशिला है तथा युवा पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप, नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी प्रस्तुतियां, विचार-विमर्श और छात्र परियोजना का प्रदर्शन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी समझ देखने को मिली।

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित

# 88.13 प्रतिशत रहा जिले का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें जिला का परीक्षा परिणाम 88.13 प्रतिशत रहा। जिला के 8245 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 7266 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 782 विद्यार्थियों की कम्पार्टमैंट रही व 197 विद्यार्थी नॉन क्वालीफाई रहे। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। शाहबाद से भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। कहा कि यह सफलता आपके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। आशा है कि आप जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए अपने परिवार, समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। जिन विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए, वे निराश न हों। परीक्षा का परिणाम जीवन का अंतिम सत्य नहीं होता। धैर्य, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। बतां दे कि पिछले वर्ष जिले का परीक्षा परिणम 87.18 प्रतिशत रहा। गत वर्ष जिला के 6624 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 5775 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी। 736 विद्यार्थियों की कम्पार्टमैंट रही थी व 113 विद्यार्थी नॉन क्वालीफाई रहे थे।

### श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने खरैती लाल सिंगला को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारीश्री जयराम विद्यापीठ कुरुक्षेत्र से जुड़े प्रमुख समाजसेवी एवं ट्रस्टी खरैती लाल सिंगला के सैक्टर 7 स्थित आवास पर पहुंचे। इसी अवसर पर ब्रह्मचारी ने समाजसेवी खरैती लाल सिंगला की श्रीजयराम संस्थाओं में सेवाओं तथा जन सहयोग कार्यों के लिए सराहना की। उन्होंने खरैती लाल सिंगला को विधिवत सम्मानित किया। ब्रह्मचारी ने कहा कि सिंगला जीवन के आठवें दशक में पहुंचने के बाद भी निरंतर सक्रियता के साथ समाज सेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं।

# कला सृष्टि मंच ने पेश किया मां के प्रेम और श्रद्धा का संगम

- पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने शायरी के साथ किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नगर की प्रमुख कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा मातृ दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य, भावनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत, शायरी, कविता, नृत्य और कव्वाली के माध्यम से मां के प्रति श्रद्धा, प्रेम और सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा द्वारा प्रभावशाली शायरी के साथ किया गया, जिसने पूरे वातावरण को साहित्यिक गरिमा से भर दिया। मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कलाकार बृज किशोर शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में दीपक कौशिक ने एक हंसी शाम को दिल मेरा कहीं खो गया गीत से श्रोताओं का मन मोह लिया, वहीं विशाल पंडित ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए प्रस्तुत कर भावनाओं को नई ऊंचाई दी। डॉ. सत्य भूषण ने शाम का ख्याल आ गया और डॉ. स्वरित शर्मा ने होंठों से छू लो तुम मेरा गीत अमर कर दो तथा न उम्र की सीमा हो जैसे गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

# निकासी के लिए 50 लाख खर्च कर डाली पाइप लाइन

- गांव दाऊमाजरा में वर्षों से चली आ रही समस्या का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शाहाबाद क्षेत्र के गांव दाऊमाजरा में वर्षों से चली आ रही जोहड़ के ओवरफ्लो पानी की समस्या का आखिरकार समाधान हो गया। ग्राम पंचायत द्वारा 50 लाख रुपये की लागत से जोहड़ से पानी की निकासी के लिए खेतों के रास्ते पाइप लाइन डाली गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का लोकार्पण भाजपा नेता सुभाष कलसाना तथा सरपंच प्रतिनिधि साहिल द्वारा किया गया। गांव पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि साहिल व ग्रामीणों ने भाजपा नेता सुभाष कलसाना का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर पाइप लाइन का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दाऊमाजरा की यह परियोजना केवल पाइप लाइन नहीं, बल्कि ग्रामीणों को वर्षों से जलभराव और परेशानी से मुक्ति दिलाने वाला स्थायी समाधान है। सरपंच प्रतिनिधि साहिल ने बताया कि जोहड़ का पानी ओवरफ्लो होना गांव की कई दशक पुरानी समस्या थी, जिसके कारण बरसात के दिनों में गांव में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते थे। उन्होंने कहा कि इस समस्या को भाजपा नेता सुभाष कलसाना के समक्ष रखा गया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी की ओर से 50 लाख रुपये की विकास राशि मंजूर हुई और पाइप लाइन का कार्य पूरा कराया गया।

इस अवसर पर रणदीप सिंह दाऊमाजरा, पार्षद दीपक आनंद, मोहन लाल शर्मा, हरभजन सिंह, रणधीर पंच, अधिवक्ता मनदीप रावा, नैब सिंह, पूर्व सरपंच मांगे राम यारा, जतिन्द्र कुमार, अमरजीत सिंह, मलकीत सिंह मौजूद रहे।



**शाहबाद।** विकास योजना के लोकर्पण के बाद ग्रामीणों से बातचीत करते सुभाष कलसाना।



### विद्यार्थियों ने किया वाटर पार्क का भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा द्वितीय से पंचम के विद्यार्थियों के लिए क्वेंचर वॉटर पार्क का एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया।वाटर पार्क में सबसे पहले विद्यार्थियों को वेलकम ड्रिंक दी गई। उसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। झूलों का आनंद लेने के बाद सभी विद्यार्थियों ने वाटर पार्क के स्विमिंग पूल में प्रवेश किया। सभी विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित थे क्योंकि यह बच्चों की मनपसंद जगह होती है। वॉटर पार्क में विभिन्न प्रकार के वॉटर स्लाइड्स, स्विमिंग पूल थे जिनका विद्यार्थियों ने अलग अलग अंदाज में आनंद लिया। कुछ विद्यार्थियों ने स्विमिंग की,कुछ बच्चों के रेन डांस किया तथा सभी बच्चों ने वाटर वेव्स के साथ बहुत ही मनमोहक नृत्य किया। इस भ्रमण पर बच्चों के साथ गईं हुईं अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के साथ स्विमिंग पूल में प्रवेश कर के उनके आनंद को दोगुना कर दिया। पूल से बाहर आने पर सभी विद्यार्थियों को बड़े ही व्यवस्थित ढंग से लंच करवाया गया।अंत में आईस क्रीम का आनंद लेते हुए सभी विद्यार्थी कर्ण लेक की ओर रवाना हुए। वहां पहुंच कर बच्चों ने नौका विहार का आनंद लिया तथा यह भी जाना कि यह झील महाभारत के पात्र कर्ण के नाम पर है और यह माना जाता है कि कर्ण ने इसी झील में स्नान किया था और अपना सुरक्षा कवच इंद्र को दिया था।

# समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आशा वर्कर्स ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आशा वर्कर यूनियन की जिला कुरुक्षेत्र सचिव मण्डल ने आज जिला उपायुक्त को अपनी मांगों और कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकतार्ओं ने अपनी प्रमुख समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप की अपील की। यूनियन का कहना है कि समाज में एचपीवी वैक्सीन को लेकर कई भ्रांतियां फैली हुई हैं। विभाग इन भ्रांतियों को दूर करने के बजाय आशा वर्कर पर अनुचित दबाव बना रहा है, जिससे उन्हें फील्ड में काम करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकतार्ओं ने शिकायत की कि एल.एन.जे.पी. अस्पताल में डॉक्टरों का व्यवहार उनके प्रति सहयोगात्मक और उचित नहीं है। अप्रैल 2025 से आशा वर्करों को मिलने वाली पेमेंट का विवरण स्पष्ट नहीं है। उन्हें यह जानकारी नहीं मिल पा रही है कि किस मद की कितनी पेमेंट आई है या नहीं आई। यूनियन की सचिव पिंकी और प्रधान मनजीत ने कहा कि यदि प्रशासन इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं करता है, तो यूनियन आगामी रणनीति बनाने पर मजबूर होगी। उन्होंने मांग की कि आशा वर्करों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोका जाए और उनके रुके हुए भत्तों का तुरंत भुगतान किया जाए।



### नर्सें अस्पताल की होती हैं रीढ़ : शर्मा



**शाहबाद।** सिद्धार्थ हॉस्पिटल तथा रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा सिद्धार्थ हॉस्पिटल में 'अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे' मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उनके निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ अंजलि शर्मा, रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, रो. वीरेंद्र ठकराल, रो. एस. सी सिंगला, दीपक सिंगला उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ. दीपक शर्मा ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सें किसी भी अस्पताल की रीढ़ होती हैं। एक चिकित्सक केवल दवा लिखता है, लेकिन उस उपचार को सेवा और मुस्कुराहट से सफल बनाने का श्रेय पूरी तरह नर्सिंग स्टाफ को जाता है। वहीं रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर.एस. घुम्मन ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से समाज सेवा में अग्रणी रहा है और आज के दिन उन कोरोना योद्धाओं और सेवादारों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है जो बिना थके मानवता की रक्षा में जुटे रहते हैं। उन्होंने नर्सिंग प्रोफेशन को 'दुनिया का सबसे नेक पेशा' बताते हुए सभी नर्सों के उज्जवल भविष्य की कामना की। रोटरी असिस्टेंट गवर्नर रो. डॉ. एस.एस. आहूजा ने कहा कि नर्सें चिकित्सा जगत का वह मजबूत स्तंभ हैं, जिनके बिना स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना करना भी असंभव है। उन्होंने कहा कि एक नर्स केवल उपचार ही नहीं करती, बल्कि अपने स्नेह और धैर्य से मरीज के आधे रोग को दूर कर देती है।

### बार-बार पेपर लीक सरकार की नाकामी, भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : खैहरा



**कुरुक्षेत्र।** हर बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आना बेहद चिंताजनक है। इससे न केवल मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद होता है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। यह सिर्फ एक सामान्य गलती नहीं, बल्कि सरकार और प्रशासन की सीधी नाकामी को दर्शाता है। आज लाखों युवा दिन-रात मेहनत कर परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ भ्रष्ट तत्वों और लापरवाही के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। बार-बार हो रहे पेपर लीक से युवाओं का विश्वास व्यवस्था से उठता जा रहा है, जो किसी भी राज्य और समाज के लिए बेहद खतरनाक संकेत है। युवा जेजेपी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जसविंदर खैहरा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पेपर लीक मामलों की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख़्त से सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, ऐसे मामलों को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाएं और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ बड़ा अन्याय होगा।

**धर्म-कर्म** | व्रत करने से शनि के साढ़े साती जैसे कठोर प्रभाव हो सकते हैं कम

# शनि जयंती पर 50 साल बाद बन रहा केदार योग, मिलेगा शनिदेव का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



शनि जयंती आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास होने वाली है। 16 मई को ग्रहों की एक ऐसी विशेष स्थिति बन रही है, जिसे ज्योतिष शास्त्र में केदार योग कहा जाता है। यह दुर्लभ संयोग लगभग 50 वर्षों के बाद बन रहा है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि यह शक्तिशाली दिन कर्म के दिव्य दंडाधिकारी भगवान शनि की जयंती का प्रतीक है। स्कंद पुराण में वर्णित है कि इस दिन भक्तिपूर्वक व्रत करने से शनि के साढ़े साती जैसे कठोर प्रभाव कम हो सकते हैं और आपको अनुशासन तथा न्याय का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ज्योतिष गणना के अनुसार, जब कुंडली के सात घरों में सभी सात ग्रह मौजूद होते हैं, तब केदार योग का निर्माण होता है। शनि जयंती के अवसर पर इस योग का बनना सोने पर सुहागा जैसा है। शनि देव, जिन्हें न्याय का देवता माना जाता है, इस योग के प्रभाव से साधकों को उनके कर्मों का कई गुना अधिक फल देगा।

#### तिथि और शुभ मुहूर्त

कौशिक ने बताया कि समय ही सब कुछ है। शनि जयंती पर, शुभ मुहूर्त के भीतर अनुष्ठान करना ही वास्तव में मायने रखता है। अमावस्या तिथि 16 मई, 2026 को सुबह 05:11 बजे शुरू होगी और 17 मई को सुबह 01:30 बजे समाप्त होगी, जो आपको प्रार्थना और प्रसाद के लिए एक शक्तिशाली समय प्रदान करती है। यह कोई संयोग नहीं है कि यह भगवान शनि के दिन, शनिवार को पड़ रहा है।

**तिथि और दिन**
शनिवार, 16 मई, 2026
**अमावस्या तिथि प्रारंभ:**
16 मई, 2026 को सुबह 05:11 बजे
**अमावस्या तिथि समाप्त:**
17 मई, 2026 को सुबह 01:30 बजे

**जरूर करें ये उपाय**

केदार योग का पूर्ण लाभ लेने के लिए शनि जयंती के दिन शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं. काली उड़द, काले तिल और लोहे का दान करना शुभ रहेगा।

### गीता ज्ञान संस्थानम में 20 दिवसीय बांसुरी वादन कार्यशाला का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद के तत्वावधान में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रेरणा दिवस के उपलक्ष्य में गीता ज्ञान संस्थानम् के गीता मंथन कक्ष में बांसुरी वादन कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारंभ संस्थान के स्वामी गोविंद शरण जी महाराज, शिक्षा प्रमुख डॉ विवेक कोहली, कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार, मुख्य प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा, सह प्रशिक्षक देवेंद्र द्वारा श्रीमद भगवद गीता को पुष्प अर्पित कर तथा महाराज जी के करकमलों से गुरुकुल के विद्यार्थियों को बांसुरी प्रदान कर किया गया। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत फाइन आर्ट्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ राम विरंजन ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया तथा बांसुरी पर मधुर तान बजा कर सब का मन मोह लिया। दूसरे दिन गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य, सदस्य डॉ पवन गुप्ता, हरियाणा पतंजलि प्रभारी ईश आर्य व भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन ग्रोवर ने भी उपस्थित रहकर प्रतिभागियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। डॉ विवेक कोहली ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया तथा कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार ने कार्यशाला के बारे में विस्तार से बताया।

**खबर संक्षेप**

### झगड़े के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लड़ाई झगड़ा कर चोट पहुंचाने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि महिला ने 10 मार्च 2026 को शिकायत दी थी कि 4 मार्च 2026 को डेहा कॉलोनी में स्थित उसके घर में घुस कर आरोपी नीनू, रावत व अन्य ने उससे तथा उसकी पुत्री से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। सामान से तोडफोड की। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर संलिप्त दो आरोपियों को काबू किया है।

### राकेश शर्मा तीसरी बार बने डिवीजन के अध्यक्ष

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की नरवाना डिवीजन की बैठक अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन सब डिवीजन उचाना अध्यक्ष मेहर सिंह ने किया। बैठक में नरवाना डिवीजन और सब डिवीजन की नई कार्यकारिणी का गठन करना था। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी से कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव लोकेश, जिला जींद कार्यकारिणी से जिला अध्यक्ष मोती मोर, सचिव योगेश शर्मा, सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सद्भाव यात्रा को मिला लोगों का जन समर्थन

**उचाना।** बृजेंद्र सिंह के साथ सदभाव यात्रा में निरंतर साया की तरह चल रहे पूर्व सरपंच प्रदीप झील ने कहा कि सदभाव यात्रा से प्रदेश में बड़ा बदलाव होता आने वाले दिनों में नजर आएगा। इस यात्रा को 85 हलके हो चुके है। यात्रा के जिस भी हलके में बृजेंद्र सिंह गए वहां उमड़ी भीड़ को केंद्र, प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में बताया तो जो स्थानीय मुद्दे उस हलके के थे उनको उठाने का काम किया।

### ग्रामीणों ने बिजली निगम की टीम पर किया हमला

**कैथल।** ढांड के गांव पबनावा में खेतों में तार चोरी रोकने गए ग्रामीणों पर लाठी-डंडों और शराब की बोतलों से हमला कर दिया। हमले में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ढांड थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर चार नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पबनावा के सोहन लाल ने बताया कि 9 मई की रात करीब 10 बजे वह साथी सुनील, मनीष, जयपाल और सोनू के साथ खेतों में तार चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गया था।

### एबीवीपी ने कुलपति से की मुलाकात

**जींद।** एबीवीपी द्वारा सरला कॉलेज सफीदों की छात्राओं की लंबे समय से चली आ रही परीक्षा एवं परिणाम संबंधी समस्याओं को लेकर चौधरी रणबीर सिंह विवि के समक्ष मुद्दा उठाया गया। पिछले लगभग 18 महीनों से कॉलेज की 10 से 15 छात्राएं अपने रिजल्ट में हुई गड़बडियों के कारण लगातार परेशान हो रही थी। छात्राओं का आरोप था कि कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के कारण उन्होंने गलत परीक्षा दे दी।

## सुरक्षा बंदोबस्त पर सवाल उठाते हुए ईवीएम में गड़बड़ी करने का आरोप

# निगम चुनाव: गणना से पहले मतदान केंद्र पर हंगामा, कांग्रेस प्रत्याशियों ने दिया धरना

चुनाव अधिकारियों ने सुरक्षा बंदोबस्त में चूक के आरोप नकारे, एसपी बोले मतदान केंद्र पर 400 जवान तैनात, सीसीटीवी से हो रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव की मतगणना से पहले ओपीएस विद्यालय मंदिर स्कूल में हंगामा हो गया। कांग्रेस के मेयर व सदस्य प्रत्याशियों ने मतगणना केंद्र के सुरक्षा बंदोबस्तों पर रोष जताते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्यादातर प्रत्याशियों का आरोप था कि मतगणना केंद्र के बाहर ज्यादातर सीसीटीवी कैमरे बंद थे। सुरक्षा के नाम पर भी कुछेक जवान तैनात थे। उनका आरोप था कि मतगणना केंद्र में कोई भी ईवीएम सुरक्षित नहीं है। उनकी परोपर सुरक्षा नहीं है। इसी वजह से कांग्रेस के तमाम प्रत्याशियों ने ईवीएम में गड़बड़ी करने के भी आरोप लगाए गए हैं। देर रात तक चले हंगामे के बाद एसडीएम दर्शन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मुश्किल से रोषित प्रत्याशियों को संतुष्ट किया गया। रिटर्निंग अधिकारी ने सभी उपस्थित स्टाफ को आई कार्ड पहनना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें यह भी कहा कि किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उनके मोबाईल बाहर ही रखने होंगे। अपनी गाडियां मतगणना केंद्र से उचित दूरी पर खड़ी करें ताकि यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद् गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, तहसीलदार आदित्य रंगा, कार्यकारी अभियंता पंचायती राज विभाग साहिल शर्मा भी मौजूद रहे।



अंबाला। मतदान केंद्र पर धरना देते कांग्रेसी नेता। फोटो : हरिभूमि

### काउंटिंग स्टाफ को दी हिदायतें

रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने सैक्टर 9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में बुधवार को होने वाली मतगणना को लेकर काउंटिंग स्टाफ को राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार एवं पूरी पारदर्शिता व निर्धारित मापदंडों के तहत करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर कहा कि चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों ने निगम चुनाव को शांतिपूर्वक व पूरी पारदर्शिता के साथ करवाने में बेहतर सफलता हासिल की है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वह मतगणना के कार्य को भी पूरी पारदर्शिता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि काउंटिंग का कार्य बुधवार सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगा। टेबलों पर ईवीएम मशीनें रख दी जाएगी। काउंटिंग स्टाफ समय से पहले पहुंचना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### जमानत बचाने के लिए लेनी होंगे 13,456 वोट

नगर निगम चुनाव में मेयर प्रत्याशी को जमानत राशि बचाने के लिए 13 से ज्यादा वोट लेने होंगे। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट एवं म्युनिसिपल कानून विशेषज्ञ हेमंत कुमार ने स्पष्ट किया है कि इस बार चुनाव में नोटा को पड़े वोट उम्मीदवारों की ज़मानत बचाने हेतु आवश्यक न्यूनतम वोटों की गणना में शामिल नहीं किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मतदान आंकड़ों के अनुसार अंबाला नगर निगम में 54.3% मतदान दर्ज किया गया है। यानि यहां कुल 1,07,651 मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया। हरियाणा नगर निगम निर्वाचन नियमावली, 1994 के तहत चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों को अपनी ज़मानत राशि बचाने के लिए कुल वैध मतों का एक-बटा-आठ (12.50%) से अधिक वोट प्राप्त करना अनिवार्य होता है।

### 400 जवानों को किया तैनात

नगर निगम चुनाव की मतगणना को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के दावे किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार, मतगणना केंद्र ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल को सुरक्षा के घेरे में लेते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 400 पुलिस जवानों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। मतगणना केंद्र के आसपास की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पांच विशेष नाके लगाए गए हैं, जहाँ हर आने-जाने वाले पर पैनी नजर रखी जाएगी। किसी भी आपात स्थिति या अप्रिय घटना से निपटने के लिए कमांडो की टुकड़ियों सहित दो पुलिस रिजर्व बल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस का सूचना तंत्र पूरी तरह से सक्रिय है। इसके साथ ही, सिविल कपड़ों में भी पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई है ताकि भीड़ के बीच रहकर शरारती तत्वों की पहचान की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि हुड़दंगबाजी करनेवालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति का प्रतीकः राणा



अंबाला। ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री श्याम सिंह राणा।

- मंत्री राणा ने ग्रामीणों को जयंती समारोह के लिए दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि संत महापुरूष सर्व समाज के होते हैं। इनसे प्रेरणा लेकर हमे आगे बढना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा संत महापुरूषों की जयंती सरकारी तौर पर मनाकर उन्हें मान सम्मान देने का काम किया जा रहा है। उन्होनें इस मौके कहा कि वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर 17 मई को शहजादपुर अनाज मंडी मं राज्यस्तरीय समारोह का आयोजित किया जाएगा। वे सोमवार गांव सबगा, हरड़ा, टोबा व समलेहड़ी में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। सभी जगहों पर गांव वासियों ने मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत व अभिनंदन किया। मंत्री ने इस मौके पर उपस्थित सभी को परंपरागत चूल्हा न्यौंद देकर परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके संघर्ष, त्याग और आत्मसम्मान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार महापुरुषों की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह समारोह उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से परिवार सहित समारोह में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की। इस दौरान मंत्री जी ने गाँव टौबा में पशु अस्पताल बनाने की भी घोषणा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने भी कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया और कहा कि महाराणा प्रताप जयंती समाज को राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक गांव और शहरी क्षेत्रों अधिक से अधिक लोग 17 मई को आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह में भाग लें। इस मौके पर असंध विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप जी ने सर्व समाज व राष्ट्र के लिए लड़ाई लड़ी।



### एसए जैन स्कूल की छात्रा चिनेशा राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल कक्षा 12वीं की छात्रा चिनेशा ने जालंधर में आयोजित एक प्रतिष्ठित *राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसे नेपाल, मलेशिया, दुबई और यूरोप में आयोजित होने वाली चार आगामी अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने के लिए भी चुना गया है। यह उपलब्धि उनके समर्पण, प्रतिभा और कड़ी मेहनत को दर्शाती है, साथ ही इसमें स्कूल द्वारा प्रदान किए गए निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन का भी योगदान है। प्रबंधक समिति के सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुनील जैन, सलाहकार श्री रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ रेनू गहलावत ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर चिनेशा और उनके परिवार को बधाई दी, और आगामी कार्यक्रमों के लिए उनकी सफलता की कामना की।

### धरने के 12वें दिन मांगों को लेकर नपा के सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

- शहर के मुख्य बाजारों में थाली बजाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर परिषद अंबाला सदर में कर्मचारियों की हड़ताल 12वें दिन भी जारी रही। हड़ताल में अग्निशमन सेवा के कर्मचारी भी शामिल रहे। कर्मचारियों ने शहर के मुख्य बाजारों में थाली बजाकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के प्रधान सेवाराम बोहत ने की। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जिला प्रधान बीरपाल ने कहा कि नगर पालिका और फायर विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। उन्होंने मांग की कि सरकार द्वारा जारी पत्रों पर कार्रवाई करते हुए कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए। फायर विभाग के राज्य प्रधान राजिंदर ने कहा कि अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल को 34 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक मृतक कर्मचारी के परिवार को आर्थिक सहायता और आश्रित को पक्की नौकरी नहीं दी गई। कर्मचारी नेता रिंकू ने कहा कि महंगाई के दौर में सफाई कर्मचारियों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। प्रदर्शन के दौरान जय प्रकाश, रामपाल, सुनील, सुरिंदर, विक्रांत, सुमित, हरीश, कमल आदि रहे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए नर्सों की सेवा का किया शानदार मंचन

- फिलाडेल्फिया अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राएं व अन्य।

अंबाला शहर के फिलाडेल्फिया अस्पताल में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े उत्साह, प्रेरणा और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन आराधना सभा से हुई, जो चैपल ऑफ इनविटेशन में आयोजित की गई। आराधना के दौरान चॉयर सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया एक्शन गीत अत्यंत प्रेरणादायक एवं सराहनीय रहा। इसके पश्चात प्रेरितों के काम अध्याय 6 पर आधारित बाइबल चिंतन ने सभी को यह गहरा संदेश दिया कि "हम परमेश्वर की सेवा के लिए बुलाए गए हैं। प्रत्येक रोगी में हम परमेश्वर का स्वरूप देखते हैं।" इस आत्मिक संदेश ने उपस्थित सभी नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सेवा के प्रति और अधिक समर्पित होने की प्रेरणा दी।

### मालवी की सुख-शांति के लिए सरपंच ने शुरू की तपस्या

**जुलाना।** एक ओर जहां तपती गर्मी में साधु धुनों के बीच बैठकर तपस्या करते हैं वहीं दूसरी ओर मालवी गांव में गांव की सुख, शांति, समृद्धि और विकास की कामना को लेकर गांव के सरपंच राजेंद्र जांगड़ा ने विशेष तपस्या शुरू की है। सरपंच द्वारा 41 दिनों तक नौ धुनों के बीच बैठकर तपस्या की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव के लोगों में भी श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। सरपंच राजेंद्र जांगड़ा ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में तपस्या और साधना का विशेष महत्व माना गया है। हमारे पूर्वजों की आस्था रही है कि सच्चे मन और श्रद्धा से की गई तपस्या से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती हैं तथा समाज और परिवार में सुख व शांति बनी रहती है। कहा कि गांव में भाईचाराए खुशहाली और विकास बना रहे तथा गांव के लोग हर प्रकार की परेशानियों से दूर रहेंए इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने यह तपस्या शुरू की है। उन्होंने बताया कि नौ धुनों के बीच बैठ कर 41 दिनों तक नियम और अनुशासन के साथ साधना की जाएगी।



जुलाना। मालवी गांव में तपस्या पर बैठा सरपंच। फोटो :हरिभूमि

# चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में रोबोटिक्स व एआई पर किया जागरूक

- जिले के 15 स्कूलों के प्रचार्यो ने लिया कार्यशाला में सक्रिय भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। मुख्यअतिथि जिला शिक्षा अधिकारी का अभिनंदन करते हुए।

पीएम श्री विद्यालय पतरेहडी में चार दिवसीय अटल, रोबोटिक्स एवं एआई लैब प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला परियोजना समन्वयक सीमा रानी और डीएसएस पूजा शर्मा तथा जिले के सभी खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के लगभग 15 विद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापक एवं संबंधित प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब, रोबोटिक्स एवं एआई लैब के प्रभावी संचालन, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता तथा तकनीकी कौशल को विकसित करना है। प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकों, रोबोटिक्स उपकरणों, एआई एवं नवाचार आधारित गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।



जींद। एम्स की टीम स्कूल प्रबंधन के साथ। फोटो :हरिभूमि

### जाट स्कूल में एम्स चिकित्सक टीम ने जांची आंखें

**जींद।** जाट वमावि की कन्या शाखा रेलवे रोड पर एम्स दिल्ली से आए नेत्र आई सपेशिलस्ट डा. शोएब व उनकी पूरी टीम द्वारा विद्यालय के छात्र व छात्राओं की आंखों की जांच के शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र व छात्राओं की आंखों की निशुल्क जांच की । डा. शोएब व उनकी पूरी टीम का विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय के मुखिया प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने फूलमालाओं द्वारा स्वागत व अभिनन्दन किया। डा. शोएब की पूरी टीम ने सभी बच्चों की आंखों की बारीकी से जांच की व निशुल्क चश्में व दवाइयां दी। डा. शोएब ने सभी बच्चों को आंखों की सही देखभाल व सुरक्षा के उपाय बताए। आंखें हमारे लिए सबसे जरुरी अंग है। इनकी सही देखभाल व सुरक्षा करना सभी बच्चों का महत्वपूर्ण काम हैं। डा. शोएब ने बच्चों को बताया कि मोबाइल व टेलीवीजन को उचित दूरी से देखना, मोबाइल का काम प्रयोग करना, ताजे ठंडे पानी से आंखों को साफ रखना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी विद्यार्थियों के साथ साँझा की। उस अवसर पर प्राध्यापिका सुमन सहारन ने एम्स दिल्ली से आई पूरी टीम का व विशेष तौर पर डा. शोएब का हार्दिक धन्यवाद किया।

### सक्रिय बाइक चोर पकड़ा, 9 मोटरसाइकिलें बरामद

**नारायणगढ़।** क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की कुल 9 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान सचिन कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने नारायणगढ़ और शहजादपुर क्षेत्र में सक्रिय रहकर बाइक चोरी की 9 वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। आरोपी का तरीका बेहद शातिर था; वह चोरी के बाद बाइक के पार्ट्स खोलकर उन्हें बेच दिया करता था। 4 मई 2026 को गांव नन्हेड़ा के कैलाश चंद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राज नर्सिंग होम के पास से उनकी बाइक चोरी हो गई है। पुलिस ने इस शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### जानलेवा हमले के दो अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** 9 मई 2026 को थाना पड़ाव पुलिस ने बस की सवारियों को लेकर हुए झगड़े और तलवार तथा चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता विवेक चौधरी ने थाना पड़ाव में शिकायत दी थी कि बस की सवारियों के विवाद को लेकर आरोपी सर्वजीत, विशाल, कमलजीत व उनके अन्य साथियों ने उन पर तलवार, चाकू और डंडों से हमला किया जिससे उसे व उसके साथियों को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद दो आरोपी विशाल गुप्ता व साहिल कुमार को भी गिरफ्तार किया है।

## 15 दिवसीय हरियाणवी लोकनृत्य कार्यशाला का समापन

# विद्यार्थियों को लोकनृत्य की शैलियों का दिया प्रशिक्षण

छात्राओं ने मनमोहक हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।

उत्तर सांस्कृतिक केंद्र पटियाला एवं शैमफोर्ड विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय हरियाणवी लोकनृत्य कार्यशाला का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रधानाचार्या रुबी शर्मा के कुशल निर्देशन में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणवी लोक संस्कृति, परंपराओं एवं लोकनृत्य की समृद्ध विरासत से परिचित कराना तथा उनमें सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस दौरान प्रशिक्षक बुध राम मट्टू ने विद्यार्थियों को हरियाणवी लोकनृत्य की विभिन्न शैलियों का प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने मनमोहक हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में हरियाणा की लोकसंस्कृति और परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दीपांशी शर्मा द्वारा प्रस्तुत प्रत्यक्ष गायन एवं नृत्य प्रस्तुति रही, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्या इंदु विज, लॉर्ड एजुकेशन कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सोहता, अभिभावकगण, पीटीए सदस्य, अतिथि एवं विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या रुबी शर्मा, सुमन शर्मा एवं चेयरमैन इंद्रजीत सिंह ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।